मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-62
19/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 19 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में भोजपुर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में भोजपुर समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में भोजपुर जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में भोजपुर जिले के जिलाधिकारी श्री राजकुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल हृदय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में शामिल भोजपुर जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर विशेष ध्यान दें। यह छात्रों के हित में काफी लाभकारी है। यह पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। उच्चतर शिक्षा हेतु लड़कियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना (इंटरमीडिएट प्रोत्साहन योजना), मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना (स्नातक प्रोत्साहन योजना) के तहत जो लड़कियां उत्तीर्ण हैं उनको योजना का लाभ दिलाएं, इसमें विलम्ब नहीं हो। दीदी की रसोई के माध्यम से सभी छात्रावासों में भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। भोजपुर में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराएं। सलेमपुर से मौली घाट तक गंगा नदी के किनारे जो कटाव की शिकायत मिल रही है उसका समाधान करें। आरा शहर में जहां पर जलजमाव की स्थिति है वहां से जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराएं। पूरे शहर के गंदे पानी के ट्रीटमेंट की व्यवस्था ठीक करें। इसके लिए एस0टी0पी0 का निर्माण कराएं। शहरों में जाम से

निजात दिलाने के लिए और शहर के अंदर यातायात को सुगम बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने जो सुझाव दिए हैं उस पर अमल करें। विधि व्यवस्था बनाये रखने को प्राथमिकता दें। पेट्रोलिंग नियमित रूप से हो, इसका ध्यान रखें।

भोजपुर जिलाधिकारी श्री राजकुमार ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमां खान, विधायक एवं विधान पार्षदगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक शाहाबाद रेंज श्री नवीन चंद्र झा, भोजपुर के जिलाधिकारी श्री राजकुमार और भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******